Bareilly, Saturday, 26 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण i next

PAGE NO : 04 TOP

# SRMS में टेकव्योम 2025 का होगा आयोजन

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (25 April):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तकनीकी वार्षिक उत्सव टेकव्योम-2025 का आयोजन 26 को किया जा रहा है. यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने दी. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस टेक्निकल फेस्टिवल में 32 कार्यक्रम होंगे.



## होगा पुरस्कार वितरण

कोड हंट से शनिवार सुबह 8:30 बजे आरंभ होने वाले टेकव्योम-2025 का समापन शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण से होगा. सुबह 10:30 बजे संस्थान के शतिक सभागार में इसका इनॉग्रेशन श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति करेंगे. डॉ. प्रभाकर ने कहा कि प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साही विद्यार्थियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टेकव्योम का आयोजन हर वर्ष किया जाता है. इस वर्ष इस टेक्निकल फेस्टिवल की थीम एआई ड्रिवेन इंडिया 4 आई (इनोवेशन, इक्यूवेशन, इंक्लूजन, इम्पैक्ट) रखी गई है. टेकव्योम में एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी इंजीनियरिंग कालेजों के 6 सौ से ज्यादा विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. पर्सनालिटी डवलपमेंट में सहायक एसआरएमएस की ओर से आयोजित यह प्रोग्राम न सिर्फ स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उनकी पर्सनालिटी डवलमेंट भी भी सहायक होगा. इस तरह के प्रोग्राम से उनका ओवरऑल डवलपमेंट होगा. यह बातें भी डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता की ओर से कही गई.